
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 96 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...वैक्सीन उत्पादन में तेजी



देहरादून, मंगलवार, 13 जुलाई 2021

# पेज श्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 23.0°

39340.39

2 शेर बहादुर को बनेंगे नेपाल के पीएम

7 कोहली ने अभी तक आईपीएल नहीं जीता

# दूसरी से खतरनाक नहीं होगी तीसरी लहर

## 40 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लगने पर तीसरी लहर के पीक काफी कम हो जाएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अभी कोरोना की दूसरी लहर कंट्रोल में आई ही है कि तीसरी लहर का डर सताने लगा है। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि तीसरी लहर आएगी ही नहीं, तो कुछ का मानना है कि तीसरी लहर आएगी जो दूसरी लहर से ज्यादा खतरनाक होगी। इस बीच इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) का दावा है कि तीसरी लहर आएगी भी तो वह दूसरी से ज्यादा खतरनाक नहीं होगी।

आईसीएमआर के महामारी विज्ञान और संचारी रोग विभाग के प्रमुख डॉ. समीरन पांडा का कहना है कि हर नया म्यूटेशन या वैरियंट वायरस में कोहराम मचाने की क्षमता नहीं होती है। इस वक्त ज्यादा चर्चा नए वैरियंट की पहचान को लेकर हो रही है जबकि हमारा ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि वह कितनी तेजी से फैल सकता है या क्या गंभीर परिणाम दे सकता है। इसी के चलते आईसीएमआर और लंदन के इंपीरियल कॉलेज ने मिलकर भारत में तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए एक मॉडल पर काम किया है।

इस मॉडल में चार परिस्थितियों को सामने रखा गया और देखा गया कि क्या तीसरी लहर आएगी? अगर आएगी तो यह दूसरी लहर से ज्यादा खतरनाक होगी या नहीं? मॉडल में पहली स्थिति नैचरल इन्फेक्शन से बनने वाली एंटीबॉडीज और वैक्सीनेशन के बाद बनने वाली एंटीबॉडीज से संबंधित थी। वहीं दूसरी स्थिति नए वैरियंट को लेकर थी, जो नैचरल और वैक्सीनेशन के बाद बनने वाली एंटीबॉडीज से भी बच जाता है। तीसरा तेजी से फैलने वाला वैरियंट क्या कर सकता है। चौथी स्थिति सरकारों की तरफ से राज्यों में लगे प्रतिबंधों को हटाना। इन चारों स्थिति पर फोकस करते हुए मॉडल की स्टडी की गई। डॉ. समीरन पांडा का कहना है कि तीसरी वेव, दूसरी वेव से हल्की होगी लेकिन इसका कतई मतलब यह नहीं है कि लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन ना करें।

आईसीएमआर ने लंदन के इंपीरियल कॉलेज के संग मिलकर की स्टडी

**24 घंटों में कोविड-19 के 37,154 नए मामले**

देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 37,154 नए मामले सामने आए। इसके बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,08,74,376 हो गई। देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की कुल 37.73 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।



### कोरोना को लेकर फिर एक्शन मोड में पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पूर्वोत्तर के राज्यों के मुख्यमंत्रियों से संवाद करेंगे और इस दौरान वहां के राज्यों में कोविड-19 की ताजा स्थिति और टीकाकरण अभियान की समीक्षा करेंगे। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से असम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के मुख्यमंत्रियों के साथ इन राज्यों में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान टीकाकरण की स्थिति का भी जायजा लेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब देश में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में कमी आई है और इसके तीसरी लहर की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### तीसरी लहर 4 जुलाई को दे चुकी है दस्तक

हैदराबाद यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस-चांसलर रहे श्रीवास्तव ने बताया कि 4 जुलाई से कोरोना संक्रमण के नए मामले और मौतें इशारा करते हैं कि देश में तीसरी लहर आ चुकी है। यह ट्रेंड फरवरी 2021 के पहले हफ्ते जैसा है। तब देश में कोरोना की दूसरी लहर ने दस्तक दी थी। यह अप्रैल में चरम पर पहुंच गई थी। श्रीवास्तव ने आगाह किया है कि अगर लोगों ने कोरोना प्रोटोकॉल नहीं मानें तो तीसरी लहर रफ्तार पकड़ सकती है। तीसरी लहर को काबू में रखने के लिए लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजेशन, मास्क पहनना और वैक्सीनेशन जैसे प्रोटोकॉल का हर हाल में पालन करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मशाला में बादल फटने से आई जल त्रासदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में बादल फटने से क्षेत्र में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे भागसू नाग क्षेत्र के पर्यटन स्थल में संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। फोटो और वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि इलाके में भारी जलभराव और पार्क किए गए वाहनों और होटलों में पानी किस रफ्तार से बह रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम जयराम ठाकुर से हालातों का जायजा लेते हुए राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ की टीमें शीघ्र रवाना कर दी है।

### जनसंख्या नियंत्रण पर नीतीश कुमार की दो टूक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। पटना। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जो राज्य जो करना चाहे करें लेकिन हमारी राय यह है कि सिर्फ कानून बनाने से जनसंख्या नियंत्रित हो जाएगी, ये संभव नहीं है।

# लद्दाख के देमचुक में घुसे चीनी सैनिक

## हमारी जमीन पर खड़े होकर दिखाए झंडे-बैनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में बौद्ध गुरु दलाई लामा का जन्मदिन मनाया जाना चीन को काफी अखरा। चीन के सैनिकों ने कुछ नागरिकों के साथ देमचुक क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सिंधु नदी के पार से झंडे और बैनर दिखाए। यह जमीन भारतीय क्षेत्र में आती है। दरअसल, पूर्वी लद्दाख के देमचुक में कुछ ग्रामीण भारतीय दलाई लामा का जन्मदिन मना रहे थे। घटना 6 जुलाई की है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कच्ची सड़क पर चीनी सैनिक और वहां के कुछ नागरिक पांच वाहनों में आए। जहां दलाई लामा का बर्थडे सेलिब्रेट किया जा रहा था, वहां से करीब 200 मीटर की दूरी से उन्होंने बैनर दिखाए। घटना डोला तामगो में कोयुल गांव की है। यहां सुबह करीब 11 बजे बौद्ध गुरु का जन्मदिन मनाया जा रहा था।

लोगों ने बताया कि उनकी यह हिमाकत समझ के परे थी। कारण है कि जिस जगह से खड़े होकर उन्होंने बैनर दिखाए वह भारत में आती है। तकरीबन आधा घंटे हमारी भूमि पर खड़े होकर उन्होंने हमें आंखें दिखाईं। इन लोगों ने हाथ में चीन का झंडा उठाया हुआ था। इनके हाथ में लंबा सा बैनर था जिस पर लाल शब्दों से लिखा गया था।

**पीएम मोदी ने पिछले शनिवार को भी दिया झटका:** इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चीन को फिर झटका दिया था। उन्होंने वियतनाम के पूर्व सुरक्षा अधिकारी और वहां की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता फाम मिन्ह चीन्ह को प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी थी। साथ ही वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी की सालगिरह की भी शुभकामनाएं दी थी। उन्होंने फाम को भारत आने का न्यौता भी दिया। वहीं, इसके करीब एक हफ्ते पहले सीपीसी की स्थापना के शताब्दी समारोह पर उन्होंने न तो कोई ट्वीट किया था।

### प्रधानमंत्री ने किया था दलाई लामा को विश

दलाई लामा के 86वें जन्मदिन पर पिछले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें फोन पर बधाई दी थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार मोदी ने सार्वजनिक तौर पर दलाई लामा से बात करने की पुष्टि की थी। इसके जरिये मोदी ने चीन को संदेश दिया था कि अगर वह संवेदनशील मुद्दों पर भारत को ठेस पहुंचा सकता है तो भारत भी ठीक वैसा ही कर सकता है।

# अलकायदा आतंकियों की गिरफ्तारी पर सियासत शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से रविवार को दो अलकायदा संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। इन गिरफ्तारियों के बाद अखिलेश यादव ने यूपी पुलिस और बीजेपी पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि उन्हें यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं है। अखिलेश के बाद अब मायावती ने इन गिरफ्तारी पर सवाल खड़े किए हैं। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी पर कहा कि इसकी आड़ में राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर दावा सही है तो यह गंभीर मामला है और कार्रवाई जरूर होनी चाहिए।

**इतने दिनों तक क्यों रहे बेखबर?** बीएसपी चीफ ने दूसरा ट्वीट किया और लिखा, यूपी विधानसभा आमचुनाव के करीब आने पर ही इस प्रकार की कार्रवाई लोगों के मन में संदेह पैदा करती है। अगर इस कार्रवाई के पीछे सच्चाई है तो पुलिस इतने दिनों तक क्यों बेखबर रही? यह वह सवाल है जो लोग पूछ रहे हैं। अतः सरकार ऐसी कोई कार्रवाई न करे जिससे जनता में बेचैनी और बढ़े।

**एडीजी प्रशांत कुमार बोले- यह पुलिस की बड़ी कामयाबी:** एडीजी (लॉ ऐंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने बताया, सूचनाएं मिलने के बाद उस पर स्टडी की गई और मॉड्यूल को ध्वस्त किया गया। पकड़े गए संदिग्धों के मंसूबे सही नहीं थे।

### सियासत

■अखिलेश के बाद माया ने भी जताया शक, पूछे सवाल

**आड़ में न हो राजनीति**

मायावती ने ट्वीट किया, यूपी पुलिस का लखनऊ में आतंकी साजिश का भंडाफोड़ करने व इस मामले में गिरफ्तार दो लोगों के तार अलकायदा से जुड़े होने का दावा अगर सही है तो यह गंभीर मामला है। इस पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए वरना इसकी आड़ में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**

Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सुप्रस्प्रेडर बन सकती है कांवड़ यात्रा, कर दें रद्द!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में 26 जुलाई से प्रस्तावित कांवड़ यात्रा को रद्द करने की मांग की जा रही है। कोरोना की दूसरी लहर के बाद शुरू होने जा रही यात्रा से पहले एक्सपर्ट्स ने कहा है कि अगर यात्रा आयोजित होगी तो इससे कोरोना संक्रमण के व्यापक पैमाने पर बढ़ने की संभावना बनेगी। एक्सपर्ट्स ने चेताया है कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच कांवड़ यात्रा सुपरस्प्रेडर इवेंट के रूप में कुंभ मेले से पांच गुना अधिक खतरनाक साबित हो सकती है।

कोरोना के प्रभाव को देखते हुए तमाम संगठनों ने अब यह मांग की है कि कांवड़ यात्रा को फिलहाल रद्द कर दिया जाए। हर साल लाखों की संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में आते हैं। कुंभ के कारण उत्तराखंड के तमाम इलाकों में कोरोना के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ था। ऐसे में अब कांवड़ यात्रा में होने वाली भारी भीड़ और कोरोना प्रोटोकॉल के पालन ना होने की संभावना को देखते हुए लोगों ने कहा है कि इस बार भी यात्रा को रद्द करना चाहिए।

पड़ोसी राज्यों से बातचीत के बाद होगा फैसला